भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2201
दिनांक 31 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

असम में जन औषधि केंद्र

2201. श्री गौरव गोगोईः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम में वर्तमान में संचालित जन औषधि केंद्रों (जेएके) की जिला-वार संख्या कितनी है;
(ख) आज की तिथि के अनुसार उक्त राज्य में ऐसे कितने जिले हैं जहां कोई जेएके नहीं है;
(ग) उक्त राज्य के बागान वाले जिलों में, विशेषकर चाय बागान क्षेत्रों के भीतर/उनके निकट स्थित जेएके की संख्या कितनी है; और
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त राज्य में उपरोक्त केंद्रों के माध्यम से बेची गई दवाओं का जिला-वार कुल मूल्य कितना है?

उत्तर
रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना योजना के अन्तर्गत, दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, असम राज्य में कुल 202 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। खोले गए जेएके की जिला-वार संख्या अनुलग्नक में है। असम राज्य के 3 जिलों, अर्थात् बजाली, तामुलपुर और पश्चिम कार्बी आंगलोंग में कोई भी कार्यात्मक जन औषधि केंद्र नहीं है।

(ग): जन औषधि केंद्रों के ऐसे कोई भी आंकड़ें, विशेष रूप से चाय बागान क्षेत्रों के संबंध में, नहीं रखे जाते हैं।

(घ): पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान असम राज्य में जन औषधि केंद्रों के माध्यम से बिक्री की जा रही जन औषधि दवाओं की बिक्री का वित्तीय वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	एमआरपी पर बिक्री (₹ करोड़ में)
1.	2021-22	5.17
2.	2022-23	6.51
3.	2023-24	8.08
4.	2024-25	11.56
5.	2025-26	18.56
	कुल	49.88

जन औषधि दवाओं के संबंध में बिक्री के जिला-वार आंकड़ें नहीं रखे जाते हैं।

अनुलग्नक

दिनांक 31.07.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2201 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार असम राज्य में खोले गए जेएके की जिला-वार संख्या

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**जेएके की संख्या**
1	बरपेटा	4
2	बोंगाईगांव	4
3	कछार	40
4	दर्रांग	3
5	धेमाजी	6
6	धुबरी	6
7	डिब्रूगढ़	13
8	गोलपारा	4
9	गोलाघाट	3
10	हैलाकांडी	9
11	जोरहाट	4
12	कामरूप	7
13	कार्बी आंगलोंग	2
14	श्रीबुमी	17
15	कोकराझार	4
16	लखीमपुर	2
17	मरिगांव	5
18	नगांव	14
19	नलबाड़ी	3
20	दिमा हसाओ	1
21	शिवसागर	2
22	सोनितपुर	5
23	तिनसुकिया	8
24	चिरंग	4
25	बक्सा	1
26	उदालगुड़ी	2
27	कामरूप मेट्रो	19
28	बिस्वनाथ	2
29	माजुली	2
30	दक्षिण सलमारा मनकाचर	2
31	चराईदेव	2
32	होजाई	2
	कुल योग	**202**

*****